

## एक नजर में

### अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 11 से

**देवास।** मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाशान में देवास जिला फुटबाल एसोसिएशन द्वारा सब जूनियर बालक अंतर जिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन महाराज तुकोजीराव पवार स्टेडियम ( ओलिंपिक ग्राउण्ड ) देवास पर 11 से 19 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। प्रतियोगिता का उदघाटन देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार द्वारा दोपहर 1 बजे किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की फुटबाल टीमें हिस्सा लेंगी जिनमें प्रमुख है जबलपुर, सागर, इंदौर, नीमच, रतलाम, धार, रायसेन, सिंगरोली एवं देवास हैं । प्रतियोगिता के सभी मैच एआयएफएफ के नियमों के तहत खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता से मध्य प्रदेश फुटबाल एसोसिएशन की टीम का निर्माण होगा जो मध्यप्रदेश का प्रतिधिनित्व करेगी। उक्त जानकारी मध्यप्रदेश फुटबाल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं देवास जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव बिद्युत मालाकर ने दी ।

### आनंद आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर्व का शुभारंभ



**सोनकच्छ।** अखंड तीर्थ आनंद आश्रम गुरु पूर्णिमा पर्व के शुभारंभ पर श्री रामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आनंद आश्रम के अध्यक्ष अजयसिंह बघेल, कोषाध्यक्ष राधेश्याम जोशी, महामंत्री सौभागसिंह ठाकुर, मधुसूदन राठी, नप अध्यक्ष श्रुति कृष्णपालसिंह बघेल, शंकरलाल शर्मा, गणेश शर्मा, अजय शर्मा, संजय पाठक अनेक भक्तगण उपस्थित थे। बघेल ने प्रकाशानंद जी महाराज की प्रतिमा का पूजन कर माल्यार्पण किया एवं स्थानीय संत स्वामी प्रेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### हाई स्कूल अगेरा मैं पौधारोपण किया



**सोनकच्छ।** हाई स्कूल अगेरा में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षको और बच्चों ने मिलकर पौधे लगाए। इस कार्यक्रम में स्टाफ के सदस्यों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। जिसमें महेशचंद्र सिसोदिया, मनोहरलाल परमार, ब्रजकिशोर जाजू, सरोज ठाकुर, दलेपसिंह सोलंकी,अनवर खान आदि शामिल थे।पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-एक पौधा लगाया और शिक्षकों ने भी उनका साथ दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना था बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना भी पैदा करना था। इस तरह के कार्यक्रमों से न केवल स्कूल का वातावरण स्वच्छ और हरित बनता है बल्कि बच्चों को भी प्रकृति के महत्व और संरक्षण के बारे में सीखने का अवसर मिलता है।

### पेवर ब्लॉक और नाली निर्माण कार्य की नपती ली

**सोनकच्छ।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 तिलक मार्ग व पांच भावसार गली की सड़कें बेहद जर्जर हो रही है। जिसके कारण वार्डवासियों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर व पार्षद प्रतिनिधी संदीप गुप्ता ने विधायक राजेश सोनकर व नप अध्यक्ष श्रुति बघेल को भी अवगत कराया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने समस्या को ध्यान से लिया व उसके बाद बुधवार को इंजीनियर जितेंद्र मारु वार्ड का निरीक्षण किया। इंजीनियर ने वार्ड की सड़क व नाली की नपती का कार्य किया है। इंजीनियर को वार्डवासियों ने बताया कि, पुरानी सड़क को थोड़ा सा खोदकर पेवर ब्लॉक लगाया जाएं। इस इंजीनियर ने वार्डवासियों को आश्वस्त किया कि कार्य अच्छा करवाया जाएगा। यह कार्य विशेष निधि से होगा। संभवत: जल्द कार्य शुरु हो जाएगा।

### बांगर में गुरुपूर्णिमा उत्सव आज

**देवास।** श्री दत्त पादुका मंदिर क्षेत्र बांगर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सुबह गुरुचरित्र का पाठ होगा,उसके बाद 11 ब्राह्मणों द्वारा गुरु पादुका का रुद्राभिषेक किया जावेगा तथा आरती के पश्चात साबूदाना खिचड़ी और खोपरा पाक के प्रसाद का वितरण दिनभर चलेगा।मंदिर व्यवस्थापक एवं पुजारी श्री दत्तप्रसाद कुलकर्णी ने बताया कि गुरुपूर्णिमा के अवसर पर दत्त मंदिर के पीठाधीश्वर श्री श्रीपादअवधूत स्वामी जी इस वर्ष भी गुरु दीक्षा प्रदान करेंगे। गुरु दीक्षा का कार्यक्रम प्रात: 9 से 12 तक आयोजित होगा।गुरु दीक्षा लेने वाले साधकों से निवेदन है कि समय पर आकर दीक्षा ले सकते है।

### नीम के पेड़ का जन्म दिन मनाया




**सतवास।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत, नीम के पेड़ का जन्म दिवस मनाया गया , नीम के पेड़ की 5 वी जन्म वर्ष गांठ पर सांदीपनि शा. उ. मा. वि. सतवास के मैदान में , संकुल प्राचार्य आशा जोशी के मार्गदर्शन में एक भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संकुल प्राचार्य ने कहा कि, इस तरह के आयोजन पर्यावरण के प्रति हमारे दायित्व को और अधिक प्रोत्साहित करते हे। प्राचार्य मैडम ने नीम के पेड़ के जन्म दिवस के लिए दीप प्रज्वलित किया, छात्र-छात्राओं ने हैप्पी बर्थ डे टू यू कह कर और तालियों कि धुन पर नीम के पेड़ का जन्म दिन मनाया। कार्यक्रम में इको क्लब के प्रभारी मनोज दुबे ने अपना प्रसिद्ध गीत एक पेड़ माँ के नाम गाया जिसमे बच्चों ने भी सहभागिता की,कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन करते हुए शिक्षक सुरेश रानिया ने पर्यावरण जागरूकता पर अपने विचार रखे। स्काउट के बेंड दल ने भी अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम में मकबूल खान, दीपिका जोशी , अशोक शर्मा, चन्द्र शेखर जोशी, हीरालाल बर्मन, गणेश धूर्वे, रजनी बकोरे, हबीब शेख, सुनील राठौर , सुरेन्द्र नागेशिया, तोताराम सोनेर, पंकज बैरागी, हबीब खान, चिंतामणि बैरागी,, अलकेश राठौर, प्रदीप यादव, विनोद मालवीय, आनंद शर्मा, गजानंद यादव, मनोज राठौर, संतोष भास्कर, सुदामा यादव, राहुल पचार, माया उपाध्याय, सुनील कुशवाह, ओमप्रकाश साँवले, सावित्री चावरे, प्रमिला कर्मा, रामदीन ठाकुर का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# अज्ञात बाइक सवार नवजात का शव कचरे के ढेर में फेंक कर फरार


**क्षेत्र के रहवासियों में अमानवीय कृत्य से आक्रोश**

**पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी**



**देवास।** शहर के कैलादेवी मार्ग पर दो लोग बाइक से आए और एक थैली में नवजात कचरे के ढेर में फेंककर फरार हो गए। पास ही एक व्यक्ति की दुकान है उसने बाइक सवारों को कुछ फेंककर जाते हुए देखा था। जिसके बाद क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि को सूचना दी थी। पार्षद प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे उन्होनें नवजात को देखा जो बच्ची थी उसे कपड़े से ढंका, क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि नवजात का शव देखकर लगता है कि यह पुरानी है। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची उन्होनें नवजात के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले को लेकर तलाश कर रही है कि नवजात किसका था और कौन फेंककर गया है। जानकारी के अनुसार कैलादेवी चौराहे पर हृदयविदारक घटना ने क्षेत्र के लोगों को झंकझोर दिया। आज दोपहर में कैलादेवी मंदिर चौराहे पर दो व्यक्ति बाइक से आए और एक थैली में नवजात बच्ची का शव कचरे के ढेर में फेंककर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने जब थैली देखी तो उसमें मासूम बच्ची का शव मिला। इससे सभी लोग स्तब्ध रहे गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। जिससे आरोपियों का पता जल्द हो सके। इस प्रकार के अमानिवय कृत्य ने क्षेत्र में शोक और आक्रोश की लहर पैदा कर दी। जिससे एक बार फिर समाज के सामने यह सवाल खड़े हो गए हैं कि कब तक मासूम बच्चियों के साथ ऐसी क्रूरता होती रहेगी। आसपास लोगों को सूचना मिली वहां भीड़ जमा हो गई। इस मामले को लेकर समाजसेवी जीतू रघुवंशी ने बताया कि बाइक सवार नाले के पास नवजात को फेंककर फरार हो गए थे। नवजात को फेंकने वाले के इस कृत्य से उनकी कुलिंता का प्रतीत लग रहा है इस प्रकार की घटना से अच्छे संस्कार वाले लोग दिखाई नहीं दे रहे हैं। एक और सरकार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की बात कह रही है। सांची पाईंट संचालक रवि गुप्ता ने बताया कि हमारी दुकान के पास में बाइक सवार दो लोग आए और नवजात को कचरे के ढेर में फेंककर चले गए थे। हमको लगा कि किसी मृत जानवर को फैंक गए होंगे। पड़ोस के किसी व्यक्ति ने देखकर बताया कि वह नवजात है। नवजात के शव को देखकर लगता है कि वह पुरानी हो चुकी थी। मामले को लेकर सिविल लाइन थाने से आए एसआई नरेंद्र ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि नवजात का शव मिला है, इसका पोस्टमार्टम कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्री सूर्य विजय हनुमानजी मंदिर पर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा व भजन संध्या संपन्न



**देवास।** श्री रणवीर हनुमान रामायण मंडल के अध्यक्ष अशोक जाट ने बताया कि बाबा सूर्य विजय हनुमानजी को प्रात: चोला चढ़ाया गया एवं बाबा का श्रृंगार किया गया। शाम को सुन्दरकाण्ड पाठ एवं हनुमान चालीसा व भजन संध्या श्री रणवीर हनुमान रामायण मंडल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंडल के गायक कलाकार अशोक जाट, संतोष निगम, रामकृष्ण पटेल, सत्यनारायण वर्मा ने भजनों की प्रस्तुति दी। केसियो पर पंडित मुकेश शर्मा, ढोलक पर महेश पाटीदार ,कपिल कैथवास की उपस्थिति में संगीत मय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर मंदिर के पंडित गणेश दुबे, अनिल विजयवर्गीय, जमनालाल वर्मा, संदीप शर्मा, श्री साईं संस्थान के अनुप पुरोहित, सोनु ठाकुर, विनिता व्यास जिलामंत्री , मंडल महामंत्री नितु जाधव, अनिता जाट, संतोष वर्मा, लक्ष्मी जाट, मनोज शर्मा, अजयसिंह ठाकुर, महेश वर्मा, मुकेश कारपेंटर, नवीन शर्मा, जितेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल बैरागढ़ में मनाया गुरु पूर्णिमा उत्सव



**देवास।** स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासकीय हाईस्कूल बैरागढ़ में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा उत्सव अंतर्गत प्रथम दिवस में आज छात्र छात्राओं ने प्राचीन काल में गुरुकुल व्यवस्था एवं उसका भारतीय संस्कृति में प्रभाव विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई इसमें सभी ने सहभागिता की। गुरु पूर्णिमा की पूर्व पूर्व प्रथम दिवस पर गुरु शिष्य परंपरा कार्यक्रम करवाया गया। शासन के निर्देशानुसार शिक्षा से जुड़े देवास से देवीशंकर तिवारी गाय.ी शक्तिपीठ साकेत नगर के वरिष्ठ परिजन एवं जिला संयोजक भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा देवास एवं अरविंद शर्मा सेवानिवृत्त सहायक परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र देवास द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन देते हुए गुरु शिष्य परम्परा पर विस्तार से चर्चा की। वर्तमान एवं पोराणिक काल के गुरु एवं शिष्य की जानकारी उदाहरण एवं दृष्टांत के साथ बताया। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या श्रीमती सरिता पटीदार ने भी बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक चिमन लोधी ने अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। विद्यालय के अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं में मीता सिंह, रजनी वाडेकर, बबिता वर्मा, पुजा देवल, होनहार पोराणिक,वैभव डोंगरे एवं परिजन सम्मिलित थे।

## मरीजों के परिजनों के लिए बैठने के लिए अस्पताल परिसर में होगा टीन शेड का निर्माण-सोनकर

**ब्लड बैंक की स्थापना भी जल्द होगी**

**सोनकच्छ।** शासन- प्रशासन जब दोनों तालमेल बैठाकर कार्य करते है तब सकरात्मक परिणाम आते है। कहा जाता है कि, मनुष्य अगर स्वस्थ नही है तो स्वस्थ समाज की कल्पना नही की जा सकती है। उक्त बात विधायक राजेश सोनकर ने सोनोग्राफी मशीन, डेंटल क्लिनिक व फिजियोथेरेपी कक्ष के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। उन्होंने आगे कहा कि, जिलाधीश व जिपं सीईओ ने जो समाज में रहकर चिकित्सा व्यवस्था की संस्थाओं को देखती है। उनके माध्यम से सोनोग्राफी व डेंटल चेयर की शुरुआत कराई है। उनका कार्य सराहनीय है। साथ ही उन्होंने आश्वस्त किया है कि अस्पताल में जो सुविधा लगेगी वह कार्य भी करेंगे। विधायक ने घोषणा करते हुए कहा कि, अस्पताल के सामने मरीजों के परिजनों के बैठने के टीन शेड का निर्माण कार्य शुरु हो गया है। जल्द ही अस्पताल परिसर में एक गार्डन की व्यवस्था भी की जाएगी।



मंचीय कार्यक्रम से पूर्व जिपं सीईओ ज्योति शर्मा ने विधायक को डेंटल चेयर के बारे में विस्तार से बताया। पश्चात उन्होंने फिजियोथेरीपी कक्ष में जाकर उसके बारे में जाना। कलेक्टर ऋतुराजसिंह के आने पर उन्होंने तीनों महत्वपूर्ण सुविधाओं का शुभारंभ किया। विधायक ने सोनोलॉजिस्ट डॉ उमेश नीमा से मशीन के बारे में जानकारी ली। सोनोग्राफी करवाने आई महिलाओं ने विधायक को रक्षासूत्र भी बांधा। एनआरसी भर्ती बच्चों से भी मिलें और स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर सीएचएमओ सरोजिनी जेम्स बेक, एसडीएम प्रियंका मिमरोट, जपं सीईओ गीतिका सोनी, बीएमओ राजेंद्र गुजराती आदि अधिकारी उपस्थित थे।

### जिपं सीईओ की पहल पर मिली डेंटल चेयर

विगत किलकारी अभियान के दौरान कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची जिपं सीईओ शर्मा को डेंटल चेयर नहीं होने की जानकारी दी थी। उसके बाद से लगातार वे डेंटल चेयर लाने के प्रयास में जुट गई। करीब 3 लाख रुपए की लागत से यह डेंटल चेयर सनफार्मा कंपनी से शर्मा ने अस्पताल को दिलाई है। साथ ही डेंट एक्स रे मशीन नहीं होने से उन्होंने रोकस की राशि से विधायक को अवगत कराकर उसका प्रस्ताव भी पास करवा लिया है। वह भी जल्द उपलब्ध हो जाएगी। कलेक्टर सिंह ने भी आश्वस्त किया कि जल्द ही इस अस्पताल में ब्लड बैंक की यूनिट शुरु की जाएगी।

# सिटी ट्रेड यूनियन काउंसिल ने वाहन रैली निकाल कर दिया ज्ञापन

**राष्ट्रपति के नाम दिया ज्ञापन**



**देवास।** सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण व कर्मचारी, श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई की देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में आज ट्रेड यूनियन काऊंसिल, देवास द्वारा वाहन रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियन व कर्मचारी संगठनों द्वारा सरकार की तमाम मजदूर व कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ अखिल भारतीय हड़ताल के समर्थन में सिटी ट्रेड यूनियन काऊंसिल , देवास द्वारा आज एक वाहन रैली निकाली गई। वाहन रैली स्थानीय एल आई सी कार्यालय देवास से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, होते हुए कलेक्टरेट कार्यालय पहुँची जहां जिला कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन का वाचन सिटी ट्रेड यूनियन काऊंसिल देवास के संयोजक मोहन जोशी ने किया। ए.आई.यू.टी.यू.सी.से जिला सचिव राजुल श्रीवास्तव, ए आई टी यू सी से कैलाश राजपूत, ऑल इंडिया इन्श्योरेन्स पेंशनर एसोसिएशन से मोहन जोशी, ऑल इंडिया इन्श्योरेन्स एम्प्लाइज एसोसिएशन के देवास के अध्यक्ष मोरसिंह राजपूत, बैंक यूनियन से आशुतोष रावत, आयुष तिवारी, इंटक से शहर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, शेषमणि पांडे, लाखन सिंह, महेश राजपूत ने सम्बोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि यह आम हड़ताल एक ऐसे समय पर बुलाई गई है, जब सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते खाने पीने की वस्तुओं सहित तमाम उत्पादों और सेवाओं में महंगाई भयंकर रूप से बढ़ रही है,और भयावह बेरोजगारी से देश की आम जनता त्रस्त है। हम छात्रों और युवाओं की ओर से इस हड़ताल को समर्थन देते हैं और सरकार से मांग ,करते हैं कि वह श्रमिकों व कर्मचारियों की तमाम मांगों को बिना शर्त शीघ्र पूरी करे व महंगाई, बेरोजगारी पर रोक लगाएं और सस्ती शिक्षा दे। खाने-पीने की आवश्यक वस्तुएं- दवाएं, बिजली बिल, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस को महंगे से महंगा कर दिया गया है । आम जनता को बहुत हद तक सस्ती सेवाएं व रोजगार देने वाले तमाम सार्वजनिक उपक्रमों जैसे रेल्वे, बैंक, बीमा, भेल, गेल, आयुध कारखाने, बीपीसीएल आदि के निजीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया। मजदूरों के अथक संघर्ष से हासिल 44 श्रम कानूनों को मालिकों के पक्ष में चार संहिता के रुप में लागू कर दिया गया है। जिनके तहत मजदूरों के 8 घंटे काम के अधिकार को 12 घंटे कर दिया गया, उनको यूनियन बनाने, हड़ताल करने अपनी हक की बात कहने का अधिकार लगभग खत्म कर दिए गया है। पूंजीपतियों के हित में सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण किया जा रहा जिसके कारण कर्मचारियों में भारी रोष है। वाहन रैली में भंडारी फाइल्स आजाद मजदूर यूनियन से महासचिव सुरेश चौधरी, अनोखी लाल परमार, राजेंद्र मुकाती इंटक से साधना प्रजापति, बैंक यूनियन से जय शर्मा, जे पी शर्मा शारदा व्यास, अंकिता, वर्षा सोलंकी, जीवन बीमा से जानकीलाल मोदी, अमित सांगते, मोहन जेठीवाल, विद्या डूमरे आदि सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर कर्मचारी शामिल हुए,। कलेक्टर को ज्ञापन देते समय इंटक की ओर से पूर्व महापौर जय सिंह ठाकुर ने भी संबोधित किया।

# निगम उपायुक्त ने किया जिला पशु चिकित्सालय का निरीक्षण



**देवास।** 9 जुलाई बुधवार को निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने उज्जैन रोड स्थित जिला पशु चिकित्सालय परिसर में स्थित श्वान बधियाकरण केंद्र और दुर्घटनाग्रस्त गायों के उपचार स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉक्टर एस.के. श्रीवास्तव भी साथ थे। उपायुक्त श्री जाफरी ने श्वान बधियाकरण केंद्र पर फिनाइल साबुन सहित अनावश्यक सामग्री तत्काल उपलब्ध कराने,पिंजरो कि मरम्मत व मुख्य द्वार को ठीक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। हांका गैंग दरोगा आमीन शेख को आवारा श्वानों को पकड़कर उन्हें बधियाकरण केंद्र पर पहुंचाने हेतु आदेशित किया। उन्होंने कहा कि विशेषकर वर्षाऋतु में गायों के बैठने के लिए सुखे स्थान की व्यवस्था करें।उपायुक्त ने दुर्घटनाग्रस्त गायों के उपचार स्थल पर उपयंत्री को वर्षाजल की निकासी सुनिश्चित करने और पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए और अभिलेखो को भी देखा। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर संजीव कुमरे,नगर निगम पशु चिकित्सक डॉक्टर सुश्री उर्वशी चौधरी, निगम मुख्य स्वच्छता निरीक्षक हेमंत उबनारे, रवि कृष्ण गोयनर, डॉग कैचिंग दरोगा सोनू डूमाने उपस्थित रहे।

## गुराडिया आश्रम पर धार्मिक आयोजन आज



**बागली।** आज देशभर में गुरु पूर्णिमा अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न होंगा ।बागली क्षेत्र मे प्रसिद्ध गुरु पूर्णिमा पर्व गुराडिया आश्रम पर विगत 28 वर्षों से श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस आश्रम पर श्री श्री 108 मनमाने बाबा ने अपने भक्ति मार्ग जीवन काल से ही गुरु पूर्णिमा पर्व मनाने की परंपरा डाली जो उनके दिवंगत होने के बावजूद भी जारी है। श्रद्धालुओं ने बताया कि आज जुलाई को सुबह 9 बजे से 12 तक गुरु पूजन परंपरा चलेगी उसके बाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन संपन्न होगा गुरु पूर्णिमा अवसर पर सुबह से लेकर रात्रि 8 बजे तक श्रद्धालुओं की चहल-पहल बनी रहती है। स्थानीय श्रद्धालु और समिति सदस्यों ने बताया कि विगत कई जन प्रतिनिधियों को यहां तक पहुंचने वाले मार्ग के विषय में मार्ग सुधारने के लिए अनुरोध किया गया लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं कि इस वर्ष भी वर्तमान विधायक मुरली भंवरा को श्रद्धालु और ग्रामीणों ने जाकर जनता दरबार के माध्यम से मार्ग के विषय में अवगत कराया है। हालांकि आश्वासन जरूर मिला है ।आने वाले समय तक मार्ग सुधारने का गौरतलब है कि यह मार्ग मुकुंदगढ़ गुराडिया भमोरी चापड़ा इकलेरा सहित कई गांव को जोड़ता है ।समिति के अध्यक्ष विजय सिंह रूपचंद पाटीदार रामचंद्र पाटीदार महेश प्रजापत संतोष जैन पिंटू पाटीदार धीरज पाटीदार दीपक पाटीदार राहुल पाटीदार निलेश मुक्ति सुनील पटेल चंपालाल मुकेश जायसवाल घनश्याम आदि श्रद्धालुओं का सहयोग यहां पर होने वाले आयोजन कार्यक्रम में रहता है सभी श्रद्धालुओं ने मांग की है कि यह मार्ग सुधर जाएगा तो श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ जाएगी और यह स्थान सभी लोगों के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र विकसित हो जाएगा।

**एक नजर** आक्रोश पूर्वक रैली निकालकर कलेक्टर ऑफिस पहुंचे

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन



**देवास।** आंगनवाड़ी संयुक्त मंच द्वारा 9 जुलाई को सभी प्रदेशों में धरना प्रदर्शन रखा गया जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका संघ जिला देवास में भी जिले की समस्त कार्यकर्ता एवं सहायिका ने आक्रोश पूर्वक रैली निकालकर कलेक्टर ऑफिस पहुंचकर तहसीलदार को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को शासकीय कर्मचारी घोषित कर तृतीय वर्ग एवं चतुर्थी वर्ग श्रेणी का दर्जा दिया जाए एवं पेंशन-ईएसआई-पीएफ दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी दिए जाने के आदेश को केंद्र सरकार तत्काल लागू करे। 3 से 6 वर्ष के बच्चों के लिए के जी, के जी 1, केजी 2 की शिक्षा (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल शिक्षा एवं विकास) आंगनबाड़ी केंद्रों में देने की उचित व्यवस्था की जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों को नोडल एजेंसी बनाओ, नई शिक्षा नीति वापस लिया जाए। आंगनवाडी कार्यकर्ता को सुपरवाइजर पद पर एवं साहयिका कार्यकर्ता के पद पर पदोन्नति कर उम्र का बंधन हटाया जाए। चेहरे की पहचान के माध्यम से सभी हितग्राहियों को टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण संभव नहीं है। पोषण ट्रैकर नेटवर्क आधारित कार्य है, नेटवर्क ना मिलने पर कार्य प्रभावित होता है इसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका के मानदेय से अलग रखा जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता फेस कैप्चर वाला ऑप्शन हटाया जाए हितग्राही ओटीपी देने से मना करते हैं को 32000 रुपए और सहायिका को 26000 रुपए प्रतिमाह न्यूनतम वेतन दिया जाए। देवास जिले में किलकारी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को अमलतास इंडेक्स अस्पताल की बजाय परियोजना स्तर पर एनआरसी में भेजने की व्यवस्था की जाए हितग्राही हॉस्पिटल में जाने से मना करते हैं। जिले में किलकारी प्रोजेक्ट के अंतर्गत कुपोषित बच्चों को अमलतास इंडेक्स अस्पताल की बजाय परियोजना स्तर पर एनआरसी में भेजने की व्यवस्था की जाए हितग्राही हॉस्पिटल में जाने से मना करते हैं। आंगनबाड़ी कार्मिकों को सेवा निवृति पर 10 लाख रूपये आर्थिक सहायता एवं पेंशन सुविधा हो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के मानदेय सेवानिवृति पर कोई सामाजिक सुरक्षा कवच नहीं है। अत: सेवानिवृति पर जीवन के अन्तिम पड़ाव वृद्धावस्था में दस लाख रूपये नकद भुगतान एवं मासिक नियमित पेंशन लाभ मिले, नीति बनायी जाये। रंजना राणा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रुक्मणी यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रानी सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष संजना परसाई, संभाग अध्यक्ष जरीना खान, संभाग उपाध्यक्ष शर्मिला ठाकुर, जिलाध्यक्ष उमा तिवारी, जिला महामंत्री स्नेहलता गौड, जिला कोषाध्यक्ष अनीता सोलंकी, बागली तहसील अध्यक्ष शशि मेघवाल, उदयनगर अध्यक्ष मनीषा गंगराड़े, सोनकच्छ अध्यक्ष ज्योति शर्मा, अध्यक्ष मोनिका जैन, रामसभा सोनाली ठाकुर, राखी, सोनू पाठक, ललिता मुजादिया, मोबिन शेख आदि कार्यकर्ता एवं रामबन सिंह, महेंद्र सिंह राणा उपस्थित रहे।